पाक्षिक समाचार

# सम्पर्क

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली

खण्ड–XXIX अंक–16 31 अगस्त, 2024

**योत्स्यमानानवेक्षेऽहं य एतेऽत्र समागताः। धार्तराष्ट्रस्य दुर्बुद्धेर्युद्धे प्रियचिकीर्षवः।।**

मुझे उन लोगों को देखने दीजिये जो यहां पर धृत्रराष्ट्र के दुर्बुद्धि पुत्र (दुर्योधन) को प्रसन्न करने की इच्छा से लड़ने के लिए आये हुए हैं।

**श्रीमद्भग्वद्गीता 1/23**

## निदेशक की नई टीम

### संकायाध्यक्षों/सह संकायाध्यक्षों की नियुक्तियां/विस्तार

कुलसचिव कार्यालय से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/AREG/4(3)/2024/312902 दिनांक 29.08.2024 के अनुसार निदेशक महोदय ने 01 सितम्बर, 2024 से निम्नलिखित संकायाध्यक्षों/सह संकायाध्यक्षों की नियुक्ति/विस्तार किया है:–

**संकायाध्यक्ष**

| क्रम. सं. | पद | नाम | अवधि (तक) | अभियुक्तियाँ |
|---|---|---|---|---|
| 1. | संकायाध्यक्ष (अवसंरचना) | प्रो. डी.आर. साहू<br>सिविल इंजीनियरी | 31.08.2026 | **नव नियुक्ति** |
| 2. | संकायाध्यक्ष (छात्र कार्य) | प्रो. बी.के. पाणिग्रही<br>विद्युत इंजीनियरी | 31.08.2026 | |
| 3. | संकायाध्यक्ष (योजना) | प्रो. विवेक वी. बुवा<br>रासायनिक इंजीनियरी | 31.08.2025 | **पहले से ही अधिसूचित** |
| 4. | संकायाध्यक्ष (कार्पोरेट संबंध) | प्रो. प्रीति रंजन पाण्डा<br>कंप्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरी | 02.04.2025 | |
| 5. | संकायाध्यक्ष (अनुसंधान एवं विकास) | प्रो. नरेश भटनागर<br>यांत्रिक इंजीनियरी | 31.03.2025 | |
| 6. | संकायाध्यक्ष (अल्युमनी संबंध) | प्रो. पी.वी.एम.राव<br>डिजाइन | 13.12.2024 | |
| 7. | संकायाध्यक्ष (अन्तरराष्ट्रीय कार्यक्रम) | प्रो. जेम्स गोम्स<br>कुसुमा जैव विज्ञान | 14.04.2025 | |
| 8. | संकायाध्यक्ष (विविधता और समावेशन) | प्रो. अंजली मुल्तानी<br>मानविकी एवं समाज विज्ञान | 31.08.2025 | **01.09.2024 से एक वर्ष का विस्तार** |
| 9. | संकायाध्यक्ष (संकाय) | प्रो. कृष्णा एम. अचुत्यराव<br>वायुमण्डलीय विज्ञान | 31.10.2025 | **01.11.2024 से एक वर्ष का विस्तार** |
| 10. | संकायाध्यक्ष (शैक्षणिक) | प्रो. नारायणन डी. कुरूर<br>रसायन विज्ञान | 11.09.2025 | **12.09.2024 से एक वर्ष का विस्तार** |

### सह संकायाध्यक्ष

| क्रम. सं. | पद | नाम | अवधि (तक) | अभियुक्तियाँ |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सह संकायाध्यक्ष<br>छात्र कार्य (छात्र कार्यक्रम) | प्रो. एस. प्रद्युमना<br>अनुप्रयुक्त यांत्रिकी | 31.08.2026 | **नव नियुक्ति** |
| 2. | सह संकायाध्यक्ष<br>छात्र कार्य (छात्रावास प्रबन्धन) | प्रो. प्रबल तालुकदार<br>यांत्रिक इंजीनियरी | 31.08.2026 | |
| 3. | सह संकायाध्यक्ष<br>अवसंरचना (अनुरक्षण) | प्रो. अमित गुप्ता<br>यांत्रिक इंजीनियरी | 31.08.2026 | |
| 4. | सह संकायाध्यक्ष<br>अवसंरचना (विद्युत) | प्रो. शेषन श्रीरंगाराजन<br>विद्युत इंजीनियरी | 31.08.2026 | |
| 5. | सह संकायाध्यक्ष<br>(संकाय) | प्रो. शुचि सिन्हा<br>प्रबंध अध्ययन | 31.08.2026 | |
| 6. | सह संकायाध्यक्ष<br>(अनुसंधान एवं विकास) | प्रो. राजेन्द्र सिंह<br>भौतिकी | 31.03.2025 | **पहले से ही अधिसूचित** |
| 7. | सह संकायाध्यक्ष<br>अवसंरचना (नवीनीकरण) | प्रो. श्री हर्शा कोटा<br>सिविल इंजीनियरी | 10.12.2025 | |
| 8. | सह संकायाध्यक्ष<br>छात्र कार्य (छात्र कल्याण) | प्रो. श्रीदेवी उपाध्यायुला<br>रासायनिक इंजीनियरी | 15.03.2026 | |
| 9. | सह संकायाध्यक्ष<br>शैक्षणिक (पाठ्यचर्या) | प्रो. एस. चटर्जी<br>विद्युत इंजीनियरी | 31.08.2025 | **01.09.2024 से एक वर्ष का विस्तार** |
| 10. | सह संकायाध्यक्ष<br>शैक्षणिक (स्नातकोत्तर अनुसंधान) | प्रो. सी.टी. धान्या<br>सिविल इंजीनियरी | 31.08.2025 | |
| 11. | सह संकायाध्यक्ष शैक्षणिक<br>(आउटरिच एवं नई पहलें) | प्रो. सुबोध वी. शर्मा<br>कम्प्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरी | 31.08.2025 | |

## सेवानिवृत्तियाँ

संस्थान के निम्नलिखित संकाय/स्टाफ सदस्य अधिवर्षिता की आयु होने पर 31 अगस्त, 2024 को अपराह्न में संस्थान से सेवानिवृत्त हो रहे हैं :–

### श्री सोम दत्त शर्मा (26502), कनिष्ठ तकनीकी अधिकारी, कम्प्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरी विभाग



**श्री सोम दत्त शर्मा** ने 03 अप्रैल, 1984 को संस्थान में ग्रुप 'डी' अटेन्डेन्ट के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। 23 अगस्त, 1993 को आपका प्रयोगशाला सहायक के रूप में चयन किया गया तथा 14 मार्च, 2000 में आपको कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायक के रूप में मैप किया गया। 14 मार्च, 2010 में आपको एम.ए.सी.पी. के अन्तर्गत उन्नयन दिया गया। 24 सितम्बर, 2019 में आपको एल.डी.ई. के अन्तर्गत वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक के रूप में नियुक्त किया गया। 22 दिसम्बर, 2022 को आर.ऐन्ड पी.आर. के अन्तर्गत आपको तकनीकी सहायक के रूप में पुनर्पदनामित किया गया तथा 16 मार्च, 2023 को डी.पी.सी. के अन्तर्गत कनिष्ठ तकनीकी अधिकारी के रूप में पदोन्नत किया गया। मृदु स्वभाव के श्री सोम दत्त शर्मा एक कर्मठ एवं योग्य कनिष्ठ तकनीकी अधिकारी रहे हैं।

### श्रीमती नीरू बाला असीजा (26108), तकनीकी अधिकारी, विद्युत इंजीनियरी विभाग



**श्रीमती नीरू बाला असीजा** ने 16 जून, 1986 को संस्थान में वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। 05 मार्च, 1990 को आपको तकनीकी सहायक के रूप में नियुक्त किया गया। 01 अप्रैल, 1998 में आपको आर. ऐन्ड सी. डी.एस. के अन्तर्गत वरिष्ठ तकनीकी सहायक के रूप में चयनित किया गया। 01 मई, 1998 में आपको आर.सी.पी.एस. के अन्तर्गत तकनीकी अधीक्षक के रूप में पुनर्पदनामित किया गया। 01 सितम्बर, 2008 तथा 01 सितम्बर, 2018 में आपको एम.ए.सी.पी. के अन्तर्गत उन्नयन दिया गया। 14 दिसम्बर, 2022 को डी.पी.सी. के अन्तर्गत आपको तकनीकी अधिकारी के रूप में पदोन्नत किया गया। सौम्य स्वभाव की श्रीमती नीरू बाला असीजा योग्य एवं कर्मठ तकनीकी अधिकारी रही हैं।

संस्थान समुदाय उपरोक्त संकाय/स्टाफ सदस्यों को भावभीनी विदाई देते हुए उनके व उनके परिवार के लिए सुख, समृद्धि एवं शांतिमय जीवन की कामना करता है।

# संस्थान में हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन

**14–30 सितंबर 2024**

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी संस्थान द्वारा 'हिन्दी दिवस' के उपलक्ष्य में **14 से 30 सितंबर, 2024** तक (**हिन्दी पखवाड़ा**) का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य संस्थान में राजभाषा हिन्दी के प्रयोग को बढ़ाने के लिए उत्साहवर्धक वातावरण सृजित करना तथा हिन्दी में मौलिक कार्य जैसे टिप्पणी, मसौदे, पत्राचार आदि को बढ़ाना है। पखवाड़े के दौरान निम्नलिखित हिन्दी प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा :–

| | |
|---|---|
| **14.09.2024 (शनिवार)**<br>(ई–मेल द्वारा) | **हिन्दी दिवस के अवसर पर संस्थान निदेशक का संदेश**<br>(सभी अधिकारियों एवं स्टाफ सदस्यों के लिए) |
| **17.09.2024 (मंगलवार)**<br>अपराह्न 3.00 बजे से<br>सीनेट कक्ष | **"समग्र और खुशहाल कार्यस्थल के लिए कौशल विकास, सृजनता और नवाचार" विषय पर कार्यशाला और प्रेरक व्याख्यान**<br>**वक्ता :**<br>• **प्रो. ज्योति राणा, श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, हरियाणा**<br>समग्र और खुशहाल कार्यस्थल के लिए एक प्रभावी दृष्टिकोण<br>*An effective approach to a Holistic and Happy Workplace*<br>• **प्रो. संजय धीर, प्रबंध अध्ययन विभाग, आईआईटी दिल्ली**<br>सृजनता और रणनीतिक नवाचार<br>*Creativity and Strategic Innovation*<br>(सभी संकाय, अधिकारियों, स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों के लिए) |
| **18.09.2024 (बुधवार)**<br>पूर्वाह्न 11.00 – 12.00 बजे<br>केन्द्रीय पुस्तकालय | **हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता**<br>**ग्रुप 'ए'**– 'सुशासन के लिए टैक्नोलॉजी एवं नवाचार का प्रयोग'<br>**ग्रुप 'बी'**– 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता का विकास : मानवता के लिए अवसर और चुनौतियाँ'<br>**ग्रुप 'सी'**– 'डिजिटल युग में गोपनीयता और सुरक्षा' |
| **20.09.2024 (शुक्रवार)**<br>पूर्वाह्न 11.00 – 12.00 बजे<br>केन्द्रीय पुस्तकालय | **सामान्य हिन्दी ज्ञान प्रतियोगिता**<br>संस्थान के ग्रुप 'ए' अधिकारियों व ग्रुप 'बी' व 'सी'<br>स्टाफ सदस्यों के लिए |
| **24.09.2024 (मंगलवार)**<br>पूर्वाह्न 11.00 – 12.00 बजे<br>केन्द्रीय पुस्तकालय | **हिन्दी टिप्पण एवं प्रारूपण प्रतियोगिता***<br>• ग्रुप 'बी' व 'सी' नियमित स्टाफ सदस्यों के लिए<br>• संस्थान अनुबंध के आधार पर कार्यरत स्टाफ सदस्यों के लिए (परामर्शदाता, आई.आर.डी. स्टाफ तथा बी.एच.एम. स्टाफ)। |
| **25.09.2024 (बुधवार)**<br>पूर्वाह्न 11.00 – 12.00 बजे<br>केन्द्रीय पुस्तकालय | **राजभाषा प्रशासनिक शब्दावली प्रतियोगिता***<br>• ग्रुप 'बी' व 'सी' नियमित स्टाफ सदस्यों के लिए<br>• संस्थान अनुबंध के आधार पर कार्यरत स्टाफ सदस्यों के लिए (परामर्शदाता, आई.आर.डी. स्टाफ तथा बी.एच.एम. स्टाफ)। |
| **30.09.2024 (सोमवार)**<br>पूर्वाह्न : 10.30 बजे से<br>सीनेट कक्ष | **स्वचरित कविता पाठ प्रतियोगिता #**<br>• ग्रुप 'ए', 'बी' एवं 'सी' नियमित स्टाफ सदस्यों के लिए<br>• संस्थान अनुबंध के आधार पर कार्यरत स्टाफ सदस्यों के लिए (परामर्शदाता, आई.आर.डी. स्टाफ तथा बी.एच.एम. स्टाफ)।<br>• संस्थान विद्यार्थियों के लिए। |
| **30.09.2024 (सोमवार)**<br>पूर्वाह्न : 10.30 बजे से<br>सीनेट कक्ष | **हिन्दी समारोह**<br>**'जिज्ञासा' का विमोचन, विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कारों की घोषणा..........।** |

* **'हिन्दी टिप्पण एवं प्रारूपण प्रतियोगिता' एवं 'राजभाषा प्रशासनिक शब्दावली प्रतियोगिता'** में पुरस्कार की दो श्रेणी होगी। एक संस्थान के ग्रुप 'बी' एवं 'सी' नियमित स्टाफ सदस्यों के लिए और दूसरी संस्थान अनुबंध के आधार पर कार्यरत स्टाफ सदस्यों के लिए (जिसमें परामर्शदाता, आई.आर.डी. स्टाफ तथा बी.एच.एम. स्टाफ शामिल हैं)।

\# **स्वचरित कविता पाठ प्रतियोगिता** में पुरस्कार की तीन श्रेणी होगी। एक संस्थान के ग्रुप 'बी' एवं 'सी' नियमित स्टाफ सदस्यों के लिए, दूसरी संस्थान अनुबंध के आधार पर कार्यरत स्टाफ सदस्यों के लिए (जिसमें परामर्शदाता, आई.आर.डी. स्टाफ तथा बी.एच.एम. स्टाफ शामिल हैं), तथा तीसरी संस्थान के विद्यार्थीगण के लिए।

## प्रतियोगिता के नियम

1. **पात्रता :** हिन्दी कक्ष में कार्यरत कर्मचारियों को छोडकर संस्थान के ग्रुप 'बी' एवं 'सी' श्रेणी के सभी नियमित स्टाफ सदस्य तथा उपरोक्त वर्णित कुछ सीमित प्रतियोगिताओं में संस्थान अनुबंध (जिसमें परामर्शदाता, आई.आर.डी. स्टाफ तथा बी.एच.एम. स्टाफ शामिल हैं), इन प्रतियोगिताओ में भाग ले सकते है। **(पिछले वर्ष के प्रथम पुरस्कार प्राप्त प्रतियोगी इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकते)।**
2. **पुरस्कारः** प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों को क्रमशः 2500/- रु, 2000/- रु एवं 1500/- रु की राशि का प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।
3. चार प्रतियोगी होने पर केवल दो पुरस्कार (प्रथम एवं द्वितीय) तथा चार से कम प्रतियोगी होने पर केवल एक (प्रथम) पुरस्कार दिया जाएगा।
4. ग्रुप 'ए' अधिकारियों के लिए आयोजित प्रतियोगिताओं में विजेताओं को केवल प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे।
5. संस्थान अनुबंध स्टाफ सदस्य (जिसमें परामर्शदाता, आई.आर.डी. स्टाफ तथा बी.एच.एम. स्टाफ) हिन्दी टिप्पणी एवं प्रारूपण प्रतियोगिता, राजभाषा शब्दावली प्रतियोगिता तथा स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता में ही भागीदारी कर सकेंगे, अन्य में नहीं।

उपरोक्त सभी प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों की सूचना समय–समय पर ईमेल के माध्यम से साझा की जाएगी। कृपया अपने विभाग/अनुभाग/प्रकोष्ठ में कार्यरत सभी स्टाफ सदस्यों को इन सभी प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित कीजिए। अपनी पात्रता सुनिश्चित करने के पश्चात, इच्छुक प्रतिभागी अपना विवरण (नाम, पदनाम, ग्रुप, प्रतियोगिता का नाम, विभाग/अनुभाग/प्रकोष्ठ आदि), 11 सितम्बर, 2024 (बुधवार) तक लिंक
https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSc4VA3lLemcwI52NAfZw4EByG08a_J35I7EQOKcZgwDVjwb0Q/viewform के माध्यम से या **hindijournal@gmail.com (cc:hodhindi@admin.iitd.ac.in)** पर अवश्य भेज दें।

## औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास सलाहकार समिति

कुलसचिव कार्यालय से प्राप्त विज्ञप्ति संख्याः AREG/4/(18)/2024/313647 दिनांक 2 सितम्बर, 2024 के अनुसार निदेशक महोदय ने 01 सितम्बर, 2024 से 31 अगस्त, 2025 तक के लिए निम्नानुसार औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास सलाहकार समिति का गठन किया है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | संकायाध्यक्ष (अनुसंधान एवं विकास) (पदेन) | अध्यक्ष |
| 2. | सह संकायाध्यक्ष (अनुसंधान एवं विकास) (पदेन) | सदस्य |
| 3. | प्रो. अनुपम शुक्ला, रासायनिक इंजीनियरी विभाग | सदस्य |
| 4. | प्रो. पी. विघ्नेश्वर इलावरसन, प्रबंधन अध्ययन विभाग | सदस्य |
| 5. | प्रो. शेख जेड. अहमद, जैव–रसानियक इंजीनियरी एवं जैव–प्रौद्योगिकी विभाग | सदस्य |
| 6. | प्रो. अमित गुप्ता, यांत्रिक इंजीनियरी विभाग | सदस्य |
| 7. | प्रो. मनन सूरी, विद्युत इंजीनियरी विभाग | सदस्य |
| 8. | प्रो. दिनेश कल्याणसुंदरम, जैव–चिकित्सा इंजीनियरी केन्द्र | सदस्य |
| 9. | अवनिश त्रिपाठी, ऊर्जा विज्ञान एवं इंजीनियरी विभाग | सदस्य |
| 10. | प्रो. यामा दीक्षित, वायुमण्डलीय विज्ञान केन्द्र | सदस्य |
| 11. | उप कुलसचिव/सहायक कुलसचिव (अनुसंधान एवं विकास लेखा) | सदस्य |
| 12. | उप कुलसचिव/सहायक कुलसचिव (अनुसंधान एवं विकास) (पदेन) | सदस्य एवं संयोजक |

## त्यागपत्र स्वीकृत

स्थापना अनुभाग-I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IESI/2024/311760 दिनांक 27.08.2024 के अनुसार **डॉ. ज्योतिष कुमार दास**, पोस्ट-डॉक्टरल फेलो (सिविल इंजीनियरी विभाग) ने अपने पद से त्यागपत्र का अनुरोध किया था। जिसे सक्षम प्राधिकारी ने 03.08.2024 से स्वीकार कर लिया है। अतः **डॉ. ज्योतिष कुमार दास** को 03.08.2024 से संस्थान कार्य से मुक्त कर दिया गया है।

हिन्दी कक्ष द्वारा सम्पादित एवं प्रकाशित दूरभाषः EPABX 7144

*मुद्रकः* सागर प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, नई दिल्ली। ई–मेलः sagarprinters@gmail.com